प्रश्न - अभ्यास

Date
Page 65

7/8/21

(1) निम्नलिखित का भाव स्पष्ट कीजिए -

प्रश्न-1:- टूटे से फिर न मिले, मिले गाँठ परि जाय।

उ) जब कोई धागा एक बार टूट जाता है तो फिर उसे जोड़ा नहीं जा सकता। जोड़ने की कोशिश में उस धागे में गाँठ पड़ जाती है। किसी से रिश्ता जब एक बार टूट जाता है तो फिर उस रिश्ते को दोबारा जोड़ा नहीं जा सकता। उसमें पहले जैसा कुछ नहीं रहता।

प्रश्न-2:- सुनि अठिलैहैं लोग सब, बाँटि न लैहैं कोय।

उ) अपने दर्द को दूसरों से छुपा कर ही रखना चाहिए। जब आपका दर्द किसी अन्य को पता चलता है तो लोग उसका मजाक ही उड़ाते हैं। कोई भी आपके दर्द को बाँट नहीं सकता सभी आपके दर्द में आपका मजाक ही बनाते हैं अतः सही है कि आप अपने दर्द को अपने मन में ही रखें।

प्रश्न-3:- रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूलै, फलै अघाय।

उ) एक बार में कोई एक कार्य ही करना चाहिए। एक काम के पूरा होने से कई काम अपने आप हो जाते हैं। यदि एक ही साथ आप कई लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश करेंगे तो कुछ भी हाथ नहीं आता। यह वैसे ही है जैसे जड़ में पानी डालने से ही किसी पौधे में फूल और फल आते हैं।

प्रश्न-4:- दीरघ दोहा अरथ के, आखर थोरे आहिं।

उ) किसी भी दोहे में कम शब्दों में ही बहुत बड़ा अर्थ छिपा होता है, यह वैसे ही होता है जैसे नट की कुंडली होती है। नट अपनी कुंडली में सिमट कर तरह तरह के

आश्चर्यजनक करतब दिखा देता है।

प्रश्न-5: नाद रीझि तन देत मृग, नर धन देत समेत।

उ) हिरण किसी के संगीत से खुश होकर अपना शरीर न्योछावर कर देता है। इसी तरह से कुछ लोग दूसरे के प्रेम से खुश होकर अपना सब कुछ दे देते हैं। परन्तु कुछ लोग इतने स्वार्थी होते हैं कि वे दूसरों से तो बहुत कुछ ले लेते हैं लेकिन खुद बदले में कुछ भी नहीं देते।

प्रश्न-6: जहाँ काम आवे सुई, कहा करै तरवारि।

उ) जहाँ छोटी चीज़ की ज़रूरत होती है वहाँ पर बड़ी चीज़ बेकार हो जाती है। जैसे जहाँ सुई की ज़रूरत होती है वहाँ तलवार का कोई काम नहीं होता। अतः किसी को छोटा समझ कर उसका मज़ाक नहीं उड़ाना चाहिए।

प्रश्न-7: पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून।

उ) बिना पानी के न तो मोती बनता है, न आटा गूँथा जा सकता है और पानी के बिना मनुष्य जीवन भी असंभव है,

① निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

क) प्रेम का धागा टूटने पर पहले की भाँति क्यों नहीं हो पाता?

उ) जिस प्रकार जब कोई धागा टूट जाता है और उस टूटे हुए धागे को जोड़ने के लिए उसमें गाँठ लगानी पड़ती है। जिसके कारण वह पहले की तरह नहीं हो पाता, इसी तरह

से जब कोई रिश्ता टूट जाता है और उस रिश्ते के टूटने के बाद रिश्तों को फिर जोड़कर पहले की तरह नहीं बनाया जा सकता।

घ) हमें अपना दुःख दूसरों पर क्यों नहीं प्रकट करना चाहिए? अपने मन की व्यथा दूसरों से कहने पर उनका व्यवहार कैसा हो जाता है?

उ) जब हम अपना दुख दूसरों को बताते हैं तो दूसरे हमारा दुख बांटने की बजाय उसका मज़ाक ही उड़ाते हैं। इसलिए हमें अपना दुख दूसरों पर प्रकट नहीं करना चाहिए। अपने मन की व्यथा दूसरों से कहने पर उनका व्यवहार हमारे प्रति अच्छा नहीं रहता।

ङ) रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है?

उ) कीचड़ में जल की कम मात्रा होती है फिर भी इस जल से कई जीवों की प्यास बुझती है। लेकिन सागर का जल बहुत अधिक मात्रा में होने के बावजूद भी किसी की प्यास नहीं बुझा पाता। इसलिए रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य कहा है। क्योंकि धन्य वही होता है जो दूसरों की सहायता करता है।

च) एक को साधने से सब कैसे सध जाता है?

उ) जिस तरह से जड़ को सींचने से ही पेड़ में फूल और फल लगते हैं उसी तरह से एक को साधने से सब सध जाता

है। अर्थात एक काम के पूरा होने से अन्य कार्यों के लिए रास्ता अपने आप खुल जाता है। अतः हमें एक साथ बहुत कार्यों को न करके किसी एक कार्य में ही अपना पूरा ध्यान लगाना चाहिए।

छ) जलहीन कमल की रक्षा सूर्य भी क्यों नहीं कर पाता?

उ) कमल के लिए जल ही संपत्ति है। क्योंकि जल के बिना कमल को ज़रूरी पोषण नहीं मिलेगा। जल के बिना कमल का जीवन असंभव है। बिना जल के कमल की सूर्य भी उसकी रक्षा नहीं कर पाएगा, बल्कि कमल सूर्य की गर्मी के कारण झुलस कर मर जाएगा।

च) अवध नरेश को चित्रकूट क्यों जाना पड़ा?

उ) अवध नरेश को उनके पिता ने वनवास की आज्ञा दी थी, इसलिए अवध नरेश को चित्रकूट जाना पड़ा था। अन्यथा कोई भी व्यक्ति बिना किसी मुसीबत के समय में चित्रकूट जैसे स्थान पर रहने के लिए नहीं जाता है। क्योंकि चित्रकूट बहुत ही घना वन है और किसी के रहने योग्य बिल्कुल भी नहीं है।

छ) 'नट' किस कला में सिद्ध होने के कारण ऊपर चढ़ जाता है?

उ) नट को कुंडली मारने में महारत हासिल होती है, वह कुंडली मारकर अपने शरीर को किसी भी मुद्रा में मोड़ सकता है। इसी कारण वह आसानी से ऊपर चढ़ जाता है।

(प्रश्न) 'मोती, मानुष, चून' के संदर्भ में पानी के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

(उत्तर) पानी के अभाव में मोती का निर्माण संभव नहीं है। बिना पानी के आदमी एक सप्ताह से अधिक जीवित नहीं रह सकता। आटे को बिना पानी के नहीं गूंथा जा सकता। अतः 'मोती, मानुष, चून' के संदर्भ में पानी का अत्यधिक महत्व है।